भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2368
उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

आंध्र प्रदेश में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा

†2368. **श्री पुट्टा महेश कुमार:**
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईएलपी) के तहत आंध्र प्रदेश में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा (एफएलएनएटी) आयोजित की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2019 से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एफएलएनएटी के माध्यम से मूल्यांकित किए गए शिक्षार्थियों की संख्या आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार ब्यौरे सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और वर्ष-वार कितनी है;
(ग) एफएलएनएटी में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने वाले शिक्षार्थियों की संख्या आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार ब्यौरे सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और वर्ष-वार कितनी है;
(घ) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि आंध्र प्रदेश में एफएलएनएटी आयोजित नहीं की गई है या पूरी तरह से कार्यान्वित नहीं की गई है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं तथा इसके कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ङ) सभी पात्र जिलों में एफएलएनएटी की सार्वभौमिक कवरेज प्राप्त करने की समय-सीमा सहित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शिक्षार्थियों के मूल्यांकन, निगरानी और प्रमाणन को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (ग): भारत सरकार वर्ष 2022-23 से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईएलपी) नामक एक केंद्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रही है, जिसे 'उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के नाम से भी जाना जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुसरण में, इस योजना का लक्ष्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के गैर-साक्षरों को लक्षित करना है। इसका उद्देश्य गैर-साक्षरों को बुनियादी साक्षरता और संख्या-ज्ञान (एफएलएन) प्रदान करना है, ताकि वे बुनियादी साक्षरता

अर्जित कर सकें। इस योजना के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश सहित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान मूल्यांकन परीक्षा (एफएनलएनएटी) आयोजित करते हैं, जो गैर-साक्षर व्यक्तियों में मूलभूत पठन, लेखन और संख्याज्ञान कौशल का आंकलन करने के लिए मूल्यांकन है जिसके सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उन्हें "साक्षर" के रूप में प्रमाणित किया जाता है। आंध्र प्रदेश राज्य में, सभी जिलों को कवर करते हुए इस कार्यक्रम के अंतर्गत, **वित्तीय वर्ष 2024-25 और वित्तीय वर्ष 2025-26** के दौरान कुल **28,72,767 शिक्षार्थी** बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान मूल्यांकन परीक्षा (एफएलएनएटी) में उपस्थित हुए। इनमें से **28,06,516 शिक्षार्थी** सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए, जिससे कुल उत्तीर्ण प्रतिशत **97.69%** रहा। मूल्यांकित और सफलतापूर्वक एफएलएनएटी में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों की संख्या और वर्ष-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में और आंध्र प्रदेश के जिले-वार विवरण **अनुलग्क-II** में संलग्न है।

(घ) और (ङ): आंध्र प्रदेश राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी राज्यों में एफएलएनएटी आयोजित किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश सरकार उल्लास के अनुरूप "अक्षर आंध्र" साक्षरता कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है, जिसका लक्ष्य वयस्कों में 100% कार्यात्मक साक्षरता हासिल करना है। शिक्षार्थियों और स्वयंसेवकों का पंजीकरण और सत्यापन अक्षर आंध्र मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल रूप में किया जाता है। मोबाइल एप्लिकेशन और एमआईएस पोर्टल का उपयोग उपस्थिति, निगरानी, मूल्यांकन और रिपोर्टिंग के लिए भी किया जाता है। इस कार्यक्रम में विकेंद्रीकृत, भागीदारी-आधारित, प्रौद्योगिकी-संचालित और समन्वय आधारित दृष्टिकोण को अपनाया गया है, जिसमें महिलाओं, कामगारों, कमजोर वर्गों, एससी, एसटी, अल्पसंख्यकों और अन्य हाशिए पर रहने वाले समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह कार्यक्रम प्रौढ़ शिक्षा, स्कूल शिक्षा, एसईआरपी, एमईपीएमए, महिला विकास और बाल कल्याण, पंचायत राज, जीएसडब्ल्यूएस, डीडब्ल्यूएमए, एपीएसएसडीसी/कौशल विकास और अन्य विभागों सहित विभागों के आपसी सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है।

आंध्र प्रदेश सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पहचान और प्रमाणन प्रक्रिया एक सतत प्रक्रिया है। आज की तारीख तक की स्थिति के अनुसार नौ (9) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों : नामत: (1) लद्दाख, (2) मिज़ोरम, (3) गोवा, (4) त्रिपुरा, (5) हिमाचल प्रदेश, (6) चंडीगढ़, (7) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, (8) सिक्किम और (9) उत्तराखंड ने उल्लास के अंतर्गत स्वयं को 'पूर्ण साक्षर' घोषित किया है।

*****

अनुलग्नक-I

"आंध्र प्रदेश में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुट्टा महेश कुमार और श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2368 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम एफएलएनएटी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और वर्ष-वार समेकित डेटा

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	एफएलएनएटी 2022-23		एफएलएनएटी 2023-24		एफएलएनएटी 2024-25		एफएलएनएटी 2025-26		कुल उपस्थित	कुल प्रमाणित
		उपस्थित	प्रमाणित	उपस्थित	प्रमाणित	उपस्थित	प्रमाणित	उपस्थित	प्रमाणित		
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	-	-	3,387	3,260	2,428	2,335	492	492	6,307	6,087
2	आंध्र प्रदेश	-	-	-	-	3,92,699	3,54,992	24,80,130	24,52,380	28,72,829	28,07,372
3	अरुणाचल प्रदेश	19,286	13,591	4,877	3,807	2,622	2,203	3,496	3,437	30,281	23,038
4	असम	-	-	-	-	3,74,133	3,66,016	7,63,596	7,63,406	11,37,729	11,29,422
5	बिहार	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
6	चंडीगढ़	3,000	2,596	550	548	-	-	14,796	14,674	18,346	17,818
7	छत्तीसगढ	-	-	1,54,085	1,52,805	4,69,571	4,60,562	4,55,044	4,13,403	10,78,700	10,26,770
8	दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली	-	-	3,743	1,879	-	-	21,128	19,423	24,871	21,302
9	दिल्ली	-	-	14,675	13,991	11,489	11,413	2,316	2,308	28,480	27,712
10	गोवा	-	-	645	472	1,407	1,407	-	-	2,052	1,879
11	गुजरात	-	-	5,700	4,590	4,139	3,677	8,074	7,466	17,913	15,733
12	हरियाणा	-	-	-	-	3,93,976	3,77,300	1,90,568	1,88,378	5,84,544	5,65,678
13	हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-	43,691	42,372	17,604	17,276	61,295	59,648
14	जम्मू एवं कश्मीर	-	-	1,56,552	1,34,797	1,06,466	1,02,148	1,40,806	1,38,203	4,03,824	3,75,148
15	झारखंड	46,485	37,750	2,05,441	1,70,740	3,82,476	3,55,146	6,18,826	5,86,563	12,53,228	11,50,199
16	कर्नाटक	-	-	3,57,722	3,56,328	-	-	-	-	3,57,722	3,56,328
17	केरल	-	-	63,169	58,826	-	-	27,757	27,265	90,926	86,091
18	लद्दाख	12,865	11,963	21,503	19,974	-	-	-	-	34,368	31,937
19	लक्षद्वीप			101	101	-	-	-	-	101	101
20	मध्य प्रदेश	9,18,674	8,05,641	22,35,445	20,69,761	33,46,010	29,01,550	34,20,885	27,87,111	99,21,014	85,64,063
21	महाराष्ट्र	-	-	4,03,644	3,54,735	6,71,937	6,63,564	6,33,828	6,30,103	17,09,409	16,48,402
22	मणिपुर	-	-	3,261	2,701	34,202	32,826	71,311	68,556	1,08,774	1,04,083
23	मेघालय	1,320	828	10,866	7,843	39,936	38,093	-	-	52,122	46,764
24	मिजोरम	-	-	320	253	105	95	-	-	425	348
25	नागालैंड	-	-	-	-	28,874	28,541	5,069	4,522	33,943	33,063
26	ओडिशा	36,297	24,947	46,094	33,002	2,61,366	2,37,150	4,75,566	4,39,884	8,19,323	7,34,983
27	पुदुचेरी	-	-	-	-	991	985	4,183	3,823	5,174	4,808
28	पंजाब	9,304	8,990	1,21,075	1,13,615	1,23,296	1,20,775	2,73,916	2,69,788	5,27,591	5,13,168
29	राजस्थान	5,48,052	5,25,645	5,12,932	5,02,664	16,23,562	16,19,785	25,55,264	25,52,629	52,39,810	52,00,723
30	सिक्किम	-	-	3,765	3,243	8,437	8,077	3,118	3,104	15,320	14,424
31	तमिलनाडु	5,28,511	5,28,439	4,80,740	4,78,090	5,09,694	5,09,694	15,01,288	15,01,287	30,20,233	30,17,510
32	तेलंगाना	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
33	त्रिपुरा	-	-	4,549	3,456	20,205	19,845	-	-	24,754	23,301
34	उत्तर प्रदेश	1,13,716	81,784	3,48,298	2,99,680	2,76,642	2,67,160	5,30,213	5,19,653	12,68,869	11,68,277
35	उत्तराखंड	-	-	27,088	18,060	16,860	14,685	-	-	43,948	32,745
36	पश्चिम बंगाल	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	कुल	**22,37,510**	**20,42,174**	**51,90,227**	**48,09,221**	**91,47,214**	**85,42,396**	**1,42,19,274**	**1,34,15,134**	**3,07,94,225**	**2,88,08,925**

अनुलग्नक-II

"आंध्र प्रदेश में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री पुट्टा महेश कुमार और श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2368 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एफएलएनएटी के माध्यम से मूल्यांकित और सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए शिक्षार्थियों की संख्या का ज़िले-वार विवरण।

		वित्तीय वर्ष 2024-25		वित्तीय वर्ष 2025-26	
क्रम संख्या	जिला	उपस्थित शिक्षार्थी	उत्तीर्ण शिक्षार्थी	उपस्थित शिक्षार्थी	उत्तीर्ण शिक्षार्थी
1	अल्लूरी सीतारमा राज	8,583	5,762	42,121	40,582
2	अनकापल्ली	11,544	10,305	93,075	93,075
3	अनंतपुरमु	17,402	16,751	1,24,496	1,23,099
4	अन्नमय्या	13,462	12,805	72,350	71,684
5	बापतला	14,405	13,558	65,809	65,560
6	चित्तूर	8,905	8,838	64,824	64,332
7	डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा	7,043	6,956	53,052	52,482
8	पूर्वी गोदावरी	5,086	5,077	88,583	87,782
9	एलुरु	7,285	7,266	95,167	94,924
10	गुंटूर	6,620	6,302	91,761	91,430
11	काकीनाडा	6,786	6,677	1,03,491	99,431
12	कृष्ण	8,481	7,930	72,522	71,922
13	कुरनूल	27,208	25,257	1,53,578	1,53,538
14	मार्कापुरम	-	-	66,355	64,326
15	नांदयाल	23,861	23,224	1,00,942	1,00,822
16	एनटीआर	6,919	6,829	95,781	95,406
17	पलनाडु	10,266	10,164	1,26,901	1,26,596
18	पार्वतीपुरम मान्यम	20,915	20,120	67,624	67,320
19	प्रकाशम	28,859	28,174	1,00,768	97,134
20	पोलावरम	-	-	40,812	38,392
21	श्री पोट्टी श्रीरामुलु	18,991	18,590	99,300	98,853
22	श्री सत्य साई	13,985	13,731	93,463	92,439
23	श्रीकाकुलम	36,451	18,354	1,13,065	1,12,880
24	तिरुपति	11,960	10,657	92,364	91,988
25	विशाखापत्तनम	4,978	4,313	69,834	66,978
26	विजयनगरम	46,953	43,653	1,11,131	1,09,488
27	पश्चिम गोदावरी	3,886	3,869	67,965	67,958
28	वाईएसआर कडप्पा	21,803	18,974	1,12,996	1,11,959
	कुल	**3,92,637**	**3,54,136**	**24,80,130**	**24,52,380**

*****